
मूल्य 1 रु.
वर्षः 14 - अंक : 10, मुंबई, शनिवार, 24 फरवरी, 2024 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान

दैनिक
# मुंबई हलचल
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
अब हर सच होगा उजागर






# पंचतत्व में विलीन हुए 'जोशी सर'



## राजकीय सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और लोकसभा के पूर्व अध्यक्ष मनोहर जोशी का शुक्रवार शाम में मुंबई स्थित दादर श्मशान भूमि में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार हुआ। उनके पुत्र उन्मेष जोशी ने मुखाग्नि दी। इससे पहले 86 वर्षीय जोशी के पार्थिव शरीर के अंतिम दर्शन के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे, शिवसेना (युबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे समेत तमाम दिग्गज नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी।

**(शेष पृष्ठ 3 पर)**






**महाराष्ट्र के जुझारू नेता व मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष जोशी के निधन से शोक की लहर दौड़ पड़ी। उन्होंने पार्षद, महापौर, विधायक, विपक्ष के नेता, मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री, लोकसभा अध्यक्ष, राज्यसभा सांसद के तौर पर अपनी सियासी यात्रा पूरी की। उनका स्वाभाव शांत, संयमित था, उन्हें वाइट कॉलर नेता के रूप में जाना जाता था। सभी प्यार से उन्हें 'जोशी सर' कहते थे**

# ये संघर्ष की शुरूआत है...

## शरद पवार ने लॉन्च किया पार्टी का चुनाव चिन्ह



**मुंबई हलचल/संवाददाता**




**मुंबई।** महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में एनसीपी के संस्थापक शरद पवार ने शनिवार को अपने संगठन के चुनाव चिन्ह तुतारी का अनवारण किया। तुतारी को लॉन्च करते समय शरद पवार ने कहा कि यहां से स्वराज्य की स्थापना कर शिवाजी महाराज ने सामान्य लोगों के लिए काम किया। यह संघर्ष की शुरूआत है। यहीं पर सर्वसामान्य लोगों के लिए काम करने की प्रेरणा मिलेगी। वहीं, बीजेपी ने शरद पवार की पार्टी के चुनाव चिन्ह को लेकर हमला बोला।

**(शेष पृष्ठ 3 पर)**

### 'तुतारी बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी से जूझ रहे लोगों के जीवन में लाएगी खुशी'

चुनाव आयोग ने गुरुवार को शरद पवार के संगठन के लिए 'तुतारी बजाते हुए व्यक्ति' वाला चुनाव चिन्ह आवंटित किया। चुनाव चिन्ह पर पवार ने कहा कि तुतारी उन लोगों के लिए खुशी लाएगी जो बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी के कारण संघर्ष कर रहे हैं। पवार ने आम लोगों के कल्याण और प्रगति के लिए काम करने वाली सरकार लाने के लिए अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं का समर्थन मांगा है।

### हम अपने काम से देंगे लोगों को जवाब- सुप्रिया सुले

सूबे के एनसीपी प्रमुख जयंत पाटिल ने कहा कि तुतारी बहादुरी, जीत और लड़ने की प्रेरणा का प्रतीक है। हम छत्रपति शिवाजी महाराज से उस किले से आशीर्वाद मांग रहे हैं जहां उनका राज्याभिषेक हुआ था, जहां उन्होंने अपने जीवन के आखिरी साल बिताए थे और जहां उनकी समाधि स्थित है, वहीं, तुतारी के लॉन्च होने पर सुप्रिया सुले ने कहा कि इस दौरान किसी के बारे में बोलने से अच्छा है कि अपने काम से जवाब दो।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

### 400-400 ही क्यों, 500 क्यों नहीं?

**कहावत** है थोथा चना, बाजे घना! और यह बात जनसंघ-भाजपा की राजनीति पर शुरू से लागू है। मेरी याद्दाश्त में यूपी में जनसंघ द्वारा अटल बिहारी वाजपेयी को मुख्यमंत्री बनाने का हल्ला करके विधानसभा चुनाव जीतने की हवाबाजी से लेकर 2004 में शाइनिंग इंडिया और अब विकसित भारत से 400 सीट का शोर इस बात का प्रमाण है कि ढोलबाजी में भाजपा का जवाब नहीं है। पिछले सप्ताह भाजपा का राष्ट्रीय अधिवेशन हुआ। और भाजपा के प्रतिनिधियों ने पार्टी की दशा पर नहीं सोचा। बूझा नहीं कि पार्टी किस तरह कांग्रेसियों, दलबदलुओं, सत्तालोलुपों से भरती हुई है। चाल, चेहरे, चरित्र में भूखी, नंगी होती हुई है। मगर प्रतिनिधिजन भक्ति में 400 सीटों का गुब्बारा लेकर घर लौटे। सब 400-400 के हल्ले से बम-बम हैं। पहली बात, 400 सीटें पा भी ली तो कौन सा कीर्तिमान बनना है? छप्पर फाड़ जीत और दस-पंद्रह साल के राज से भी क्या हो जाना है? और भाजपा को 400 सीटे मिल रही है या एनडीए को? और 415 सीटें तो 1984 में राजीव गांधी की कमान में अकेले कांग्रेस की जीती हुई है! कांग्रेस के जवाहरलाल नेहरू व इंदिरा गांधी ने 17-17 साल राज किया तो मोदी पंद्रह साल राज करें, अमित शाह बीस साल राज करें तो क्या हो जाएगा? बहरहाल, भाजपा और एनडीए की अनहोनी तब है जब नरेंद्र मोदी 400 से पार नहीं, बल्कि 500 से पार सीटें जीतने का रियल रिकॉर्ड बनाएं। इतना सब करने के बाद भी यदि पूरा भारत उनके चरणों में नहीं लोटे तो क्या मतलब होगा। फिर सबसे बड़ी बात जो उन्होंने खुद चुनाव में कांग्रेस के पूरी तरह डूबने की बाद कहीं हुई है। उसी के चलते सारे उपाय हैं। कांग्रेस चुनाव के लिए इकट्ठा हुआ पैसा खा लिया गया है। कांग्रेस और विपक्ष के कथित बड़े-महान नेता खरीद लिए गए हैं।अकड़ू हेमंत सोरेन, अरविंद केजरीवाल जैसों को जेल में डाला जा रहा है। शरद पवार और उद्धव ठाकरे जैसे खुद्दारों से उनकी पार्टी छीन ली गई है। ममता बनर्जी, नवीन पटनायक, मायावती, जगन मोहन, चंद्रशेखर राव जैसों को कठपुतली बना कर नचा रहे हैं तो वही मीडिया हर एंगल से केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, तेलंगाना सभी ओर कमल को खिलता बतला रहा है। इसलिए क्यों नरेंद्र मोदी का अगला राजतिलक 500 सीटों से कम का हो? क्यों मोदी-शाह 400 सीटों पर अटके रहें!

# विद्युत सुरक्षा के प्रति जागरूकता हेतु 'इकॅमेक्स - 2024' 27 से 29 फरवरी, 2024 तक भव्य प्रदर्शनी बॉम्बे एग्जीबिशन सेंटर (नेस्को), गोरेगाव में

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** इलेक्ट्रिकल कॉन्ट्रैक्टर्स असोसिएशन ऑफ महाराष्ट्र (इकॅम) के शताब्दी वर्ष के अवसर पर, विद्युत सुरक्षा के बारे में उपभोक्ताओं के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए एक भव्य प्रदर्शनी 'इकॅमेक्स - 2024' का आयोजन किया गया है। यह प्रदर्शनी ग्राहकों के लिए 27, 28 और 29 फरवरी, 2024 को बॉम्बे एग्जीबिशन सेंटर (नेस्को), हॉल नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक निःशुल्क उपलब्ध है` इस प्रदर्शनी का उद्घाटन 27 फरवरी, 2024 को सुबह 10 बजे को आयोजित किया है। इस अवसर पर पॉलिकॅब, आरआर केबल, ग्रेटव्हाइट जैसी निर्माण कंपनियों और कई संगठनों, बिजली वितरण और बिजली से संबंधित संगठनों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे। 'इकॅमेक्स - 2024' प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य विद्युत सुरक्षा है। भारत को विद्युत दुर्घटनाओं से मुक्त बनाने, विद्युत दुर्घटनाओं से बचने के लिए सुरक्षा के प्रति जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए इस प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। इस प्रदर्शनी में देश-विदेश से बिजली के क्षेत्र के प्रसिद्ध निमार्ता एवं वितरक भाग लेंगे तथा इस प्रदर्शनी में लगातार तीन दिनों तक बिजली के क्षेत्र के विभिन्न विश्व स्तरीय विशेषज्ञों के व्याख्यान आयोजित किये गये है। इस प्रदर्शनी में बिजली ठेकेदार, बिल्डर, सलाहकार, इंजीनियर, बिल्डर, इंटीरियर डेकोरेटर,




सरकारी अर्ध-सरकारी अधिकारी, आर्किटेक्ट, उपभोक्ता और इंजीनियरिंग कॉलेजों के छात्र आएंगे। इस प्रदर्शनी में जनरेटर, ट्रांसफार्मर, सोलर, ईवी, यूपीएस, स्टेबलाइजर्स, तार, केबल, स्विच, पाइप, इनवर्टर, सीटीपीटी, पोल, फीडर, पैनल, लाइट, उपकरण, ऑटोमेशन आदि के निर्माताओ ने भाग लिया है। इस प्रदर्शनी में क्रेडाई, सीएमा, ईएमा, कॉस्मा, ईमा आदी संगठन भी सहयोग कर रहे हैं। मराठा चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, उद्योग एसोसिएशन, महावितरण, टाटा पावर, अदानी इलेक्ट्रिक को पर्याप्त समर्थन मिला है। चूंकि आईएसआई, आईएसओ निर्माता इस प्रदर्शनी में भाग ले रहे हैं, इसलिए ग्राहकों को गुणवत्तापूर्ण उत्पादों को देखने और उनका अध्ययन करने का अवसर मिलेगा। इलेक्ट्रिकल कॉन्ट्रैक्टर्स असोसिएशन ऑफ महाराष्ट्र (इकॅम) 100 वर्षों से अधिक के प्रसिद्ध और गौरवशाली इतिहास वाला एक वैश्विक संगठन है। संस्था के अध्यक्ष वामन भूरे, महासचिव देवांग ठाकुर, उपाध्यक्ष उमेश रेखे, कोषाध्यक्ष रावसाहेब रकीबे, एसोसिएट डायरेक्टर मारुति माली, नरेंद्र शिंदिकर, सुरेश पोटे, अमेय कन्नव, अमोल कोलपकर, प्रकाश जाधव और अन्य सभी अधिकारी के कुशल नेतृत्व में संस्था दिन ब्र प्रतिदिन प्रगति कर रही है। इस संस्था का मुख्य कार्यालय मुंबई में है और संस्था के पांच हजार सदस्य हैं। महाराष्ट्र में संस्था के आठ विभाग कार्यरत हैं। इसके पुणे, नासिक, नगर, धुले, नंदुरबार, जलगांव, पश्चिमी महाराष्ट्र, ठाणे, कोंकण में मंडल कार्यालय हैं। सरकार द्वारा लाइसेंस प्राप्त विद्युत ठेकेदारों एवं मुख्य रूप से विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान करने, विद्युत सुरक्षा के प्रति उपभोक्तओ में जागरूकता पैदा करने हेतु कार्य किया जाता है। इकॅम लगातार आम जनता तक यह संदेश फैलाने की कोशिश कर रहा है कि सभी विद्युतीकरण कार्य अनुमोदीत विद्युत ठेकेदारोंद्वारा किये जाने चाहीए।

# वरुण कुमार जिला आबकारी अधिकारी ने कच्ची शराब माफियाओं पर कसी नकेल

**मुंबई हलचल / संाददाता**

**बिजनौर।** उत्तरप्रदेश के जिला बिजनौर में 24 जून 2023 आबकारी अधिकारी वरुण कुमार ने चार्ज संभाला है तब से कच्ची शराब पर काफी अंकुश लगा है। उनकी सख्ती के चलते अब बार-बार जिले में पहले की तरह से रोड पर शीरे के कंटेनर पलटने की खबरें नहीं आती हैं। सूत्र बताते हैं कि पहले जिले में किसी रोड पर दो-चार बाल्टी शिरा गिरकर कागजों में पूरा कैटेनर पलटा दिखा दिया जाता था जों कि बाद में वह शीरा अवैध रूप से बनाई जाने वाली शराब में इस्तेमाल किया जाता था। लेकिन वही पिछले 7 महीने में बिजनौर जिले से एक भी शीरे के कंटेनर पलटने की खबर सामने नहीं आई हैं। जिससे जिले में अवैध शराब बनाने पर रोक लगाने में बड़ा सहयोग मिला




आबकारी अधिकारी की ताबड़तोड़ छापेमारी और सख्ती के चलते तमाम अवैध भट्ठियों को नष्ट कर दिया गया और शराब का अवैध कार्य करने वालों को भी नहीं बख्शा। इसके फल स्वरुप जिला बिजनौर लगातार शराब बिक्री में बढ़ोतरी नजर आई है। जिलें मे हरयाणा शराब हो या किसी अन्य राज्य की शराब हो उसे बंद करने का काम वरुण कुमार जिला आबकारी अधिकारी ने किया है बिजनौर मे नकली शराब का तो नामोनिशान तक खत्म है ऐसे अधिकारी से बिजनौर जनता खुश तो शराब माफियाओ मे मायूसी और खौफ तारी है। शराब माफिया और आबकारी विभाग के कर्मचारी ईमानदार अधिकारी वरुण कुमार से है परेशान और उनके ट्रांसफर का इंतजार कर रहे हैं। जिला आबकारी अधिकारी ने सख्त लहजे सभी शराब डीलरों को दिशा निर्देश के अनुसार ही काम करने की हिदायत दी है मे गलत ना करुँगा ना करने दूंगा।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व), मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल, साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन: **9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान**, समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# हिडेन फैक्ट्स से बाहर आयेगी जम्मू कश्मीर की सच्चाई

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** बॉलीवुड के द्वारा सामाजिक सरोकार और रहस्यों से पर्दा उठाने का एक इतिहास रहा है। हाल फिलहाल कश्मीर फाइल्स के द्वारा कश्मीर का विषय लोगों के सामने आया। अभी भी भी ऐसे बहुत से किस्से और कहानियाँ मौजूद हैं जिससे इस भूभाग के साथ होने वाले अन्याय लोगों को पता चलेंगे। निर्देशक संजीव त्रिगुणायत इसी विषय पर हिडेन फैक्ट्स नाम से एक फिल्म पर काम कर रहे हैं। इसमे वह भिन्न भिन्न विषयों को उठाएंगे। फिल्म को लिखने का कार्य वरिष्ठ स्तंभकार अमित त्यागी ने किया है। संजीव बताते हैं कि अमित जी के जम्मू कश्मीर विषय पर





पढे लेखों ने उन्हे फिल्म बनाने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद उन्होने उनसे इस विषय पर बात की और उनके विचार जाने। धीरे धीरे यह बातचीत सिलसिलेवार हो गयी और घटनाओं को एक कहानी में पिरोने का आधार बन गई। निर्माता शमीम अख्तर ने इस विषय को आगे बढ़ाने मे सहयोग किया। फिल्म की कहानी में सहयोग अमन त्यागी और गीत को स्वर अंकुश गुप्ता ने दिया है। संजीव त्रिगुणायत का कहना है कि 22 फरवरी 1994 का संकल्प एक बड़ा संकल्प है। 2024 में ब्रिटेन के कई सांसदों ने भारतीय संसद के संकल्प को ब्रिटिश संसद में उठाकर भारत का पक्ष मजबूत कर दिया है। फिल्म के लेखक अमित त्यागी का कहना है कि जम्मू कश्मीर भारत की सबसे बड़ी रियासत में से एक थी जिसने अपना अधिमिलन 26 अक्तूबर 1947 को भारत में कर लिया था। 1947 में इस भारतीय भूभाग का ब्रिटिश और अमेरिका द्वारा तत्कालीन सोवियत संघ और चीन को नियंत्रित करने के लिए विवाद बताकर इसका अंतराष्ट्रीयकरण किया गया, अब वर्तमान में चीन और पाकिस्तान मिलकर सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण इस भारतीय क्षेत्र का दोहन कर रहे हैं। अब उसी ब्रिटिश भूमि से वहीं के सांसदों द्वारा जम्मू, कश्मीर और लद्दाख का विषय भारत के पक्ष में उठाना ही नया भारत है।

# महाराष्ट्र रस्ते विकास मंडळ का बोर्ड लगने के बाद भी एससीएलआर फ्लाईओवर के नीचे अवैध स्क्रैप गाड़िया खड़ी की जा रही है

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** आये दिन एससीएलआर फ्लाईओवर के नीचे सी.एस.टी रोड कुर्ला (पश्चिम) मुंबई 70.में अवैध स्क्रैप गाड़ीया और टेम्पो खडे किए जा रहे हैं और फुटपाथ पर महाराष्ट्र रस्ते विकास मंडळ का बोर्ड लगा हुआ है आने वाले वक्त में कभी भी कोई घटना हो सकती है एससीएलआर फ्लाईओवर के निचे सी.एस.टी रोड कुर्ला (पश्चिम) मुंबई 70 के नीचे स्क्रैप गाड़िया खड़ी करना बंद करो और साथ ही टेम्पो पार्किंग भी निकालो इस मैं सब से बड़ी लापरवाही एमएमआरडीए भूमि






कोशिका विभाग, कुर्ला वाहतुक विभाग,कुर्ला पोलीस स्टेशन,बीएमसी 'एल'वार्ड सहाय्यक आयुक्त,देखभाल विभाग और अन्य विभागो की लपरवाही से आज आम जनता को दिक्कतो का सामना करना पड रहा है उसको देखते हुए सुखबिंदर सिंह और शोएब खान जी ने 22 फरवरी 2024 गुरुवार को पत्र प्रेषण के सभी विभागो मे दिया गया अभी इंतजार है सभी विभाग करवाही कब से शूरु करते हैं और अगर कुछ दिनो में करवाही नहीं शूरु हुई थो फिर से नया पत्र दे गए साथ मे दिए हुए पत्र को भी जोड़ा जाएगा।

# पॉक्सो, रेप व हत्या मामले में अदालत का फैंसला सराहनीय

## इस तरह आएगी जघन्य अपराधों में कमी : एड. स्मिता झालटे

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**जलगांव।** क्राइम दस्तक ट्रस्ट (विधिक प्रकोष्ठ) की राष्ट्रीय अध्यक्षा, गोल्ड मेडलिस्ट व क्रिमिनल एड.स्मिता झालटे (कोली) ने गुरुग्राम जिला कोर्ट द्वारा पॉक्सो एक्ट, रैप व नृशंस हत्या मामले में सुनवाई करते हुए अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश शशि चौहान की अदालत ने पुख्ता सबूतों व गवाहों के आधार पर आरोपी को फांसी व जुमार्ने की सजा देने के मामले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि आज समाज मे होने वाले इस तरह के घिनोने कार्यों को रोकने के लिए



जिला अदालत का उक्त फैंसला सराहनीय है। इससे आने वाले समय मे इस तरह के जघन्य अपराधों पर जरूर लगाम लगेगी। एडवोकेट स्मिता कोली ने मीडिया के नाम जारी एक विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि क्राइम दस्तक ट्रस्ट के द्वारा भ्रष्टाचार,साइबर क्राइम,नशा खोरी,बाल विवाह,घरेलू हिंसा आदि मामलों में जन जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित होते है। उन्होंने खासतौर से महिलाओं से अपील करते हुए कहा कि ज्यादा से ज्यादा महिलाएं संगठन से जुड़कर सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाएं। उन्होंने बताया कि आगामी मार्च माह में जिला स्तरीय कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। जिसको लेकर तैयारियां चल रही है।

## (पृष्ठ 1 का समाचार)

### पंचतत्व में विलीन हुए 'जोशी सर'

पूर्व केंद्रीय मंत्री मनोहर जोशी का आज तड़के 3 बजे दिल का दौरा पड़ने के बाद निधन हो गया। जोशी परिवार की ओर से कहा गया कि मनोहर जोशी का लंबे समय तक उम्र संबंधी स्वास्थ्य समस्याओं के बाद निधन हो गया। शिवसेना के वरिष्ठ नेता का पार्थिव शरीर सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक लोगों के अंतिम दर्शन के लिए उनके माटुंगा स्थित आवास पर रखा गया। फिर ह्यजोशी सरह्न की अंतिम यात्रा शुरू हुई। शाम में शिवाजी पार्क श्मशान में मनोहर जोशी का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे, एनसीपी- शरदचंद्र पवार के प्रमुख शरद पवार और शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने कट्टर शिवसैनिक मनोहर जोशी को अंतिम पुष्पांजलि अर्पित की। मनोहर जोशी को उनके आवास पर गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। कट्टर शिवसैनिक मनोहर जोशी का 1976 से शुरू हुआ राजनीतिक सफर आज थम गया है। महाराष्ट्र ने जुझारू नेता व मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष जोशी के निधन से शोक की लहर दौड़ पड़ी। उन्होंने पार्षद, महापौर, विधायक, विपक्ष के नेता, मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री, लोकसभा अध्यक्ष, राज्यसभा सांसद के तौर पर अपनी सियासी यात्रा पूरी की। उनका स्वाभाव शांत, संयमित था, उन्हें वाइट कॉलर नेता के रूप में जाना जाता था। सभी प्यार से उन्हें 'जोशी सर' कहते थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मनोहर जोशी के निधन पर शोक व्यक्त किया है। जोशी साल 2002 से 2004 तक लोकसभा अध्यक्ष भी रहे थे। पीएम मोदी ने कहा कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के रूप में मनोहर जोशी ने राज्य की प्रगति के लिए अथक प्रयास किये थे। उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान, हमारी संसदीय प्रक्रियाओं को अधिक जीवंत और सहभागी बनाने का प्रयास किया। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर एक एक्स पोस्ट में लिखा, ह्लमनोहर जोशी जी के निधन से मुझे दुख हुआ है। वे एक अनुभवी नेता थे, जिन्होंने सार्वजनिक सेवा में वर्षों का समय बिताया और नगरपालिका, राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न जिम्मेदारियां निभाईं। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने राज्य की प्रगति के लिए अथक प्रयास किये। केंद्रीय मंत्री के रूप में भी उन्होंने उल्लेखनीय योगदान दिया। मनोहर जोशी जी ने लोकसभा अध्यक्ष के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान हमारी संसदीय प्रक्रियाओं को अधिक जीवंत एवं सहभागी बनाने का प्रयास किया। मनोहर जोशी जी को एक विधायक के रूप में उनकी कर्मठता के लिए भी स्मरण किया जाएगा, उन्हें चारों विधानमंडलों में सेवा करने का गौरव प्राप्त हुआ। उनके परिवार तथा समर्थकों के प्रति मेरी संवेदनाएं। ॐ शांति।

### ये संघर्ष की शुरूआत है...

सूबे के उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री चंद्रकांत पाटिल ने कहा कि आप तुरही बजाओ या मशालें जलाओ, लेकिन आगामी लोकसभा चुनाव में हम महाराष्ट्र में 45 से ज्यादा सीटें जीतने वाले हैं। महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ बीजेपी और एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के साथ गठबंधन करने के लिए अजित पवार ने एनसीपी के दो फाड़ कर दिए थे और अपनी पार्टी को ही असली एनसीपी बताया, जिसके महीनों बाद चुनाव आयोग ने हाल ही में उनके गुट को ही असली एनसीपी के रूप में मान्यता दी और उसे चुनाव चिन्ह 'दीवार घड़ी' आवंटित की। बाद में चुनाव आयोग ने शरद पवार के गुट को 'राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार' नाम दिया।



# महाविकास अघाड़ी के माध्यम से अल्पसंख्यक समुदाय को लोकसभा चुनाव में उचित प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए: अनीस कुरैशी

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** पूरे देश में जल्द ही लोकसभा चुनाव होने वाले हैं, इसको लेकर महाविकास अघाड़ी जोरदार तैयारी कर रही है, इस समय महाविकास अघाड़ी में शामिल तीनों दलों के वरिष्ठ नेता अपनी-अपनी पार्टियां छोड़कर दूसरे दलों में शामिल हो रहे हैं। ऐसी विकट परिस्थिति में भी अल्पसंख्यक समुदाय ने हमेशा कांग्रेस पार्टी का साथ दिया हैमजबूती से खड़ा है। लेकिन दुर्भाग्य से इस समुदाय को लोकसभा या विधानसभा में उचित प्रतिनिधित्व नहीं मिलने के कारण अल्पसंख्यक समुदाय हमेशा वंचित रह जाता है। महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव अल्पसंख्यक नेता श्री अनीस कुरेशी ने चेतावनी दी है कि यदि आगामी लोकसभा चुनाव में अल्पसंख्यक समुदाय की उपेक्षा की गई तो महाविकास अघाड़ी को गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। अल्पसंख्यक समुदायउचित प्रतिनिधित्व पाने के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष, सीडब्ल्यूसी के प्रमुख नेता जल्द ही महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष, कांग्रेस विधानमंडल के नेताओं और चुनाव समिति के प्रमुख नेताओं के साथ चर्चा करेंगे और एक बयान प्रस्तुत करेंगे।

खनौरी बॉर्डर पर बवाल

# आक्रोशित किसानों ने पुलिस पर किया पथराव, वाहन भी तोड़ दिए

## हरियाणा में किसान-पुलिस में फिर टकराव, पुलिस ने भी सख्ती दिखाई

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

हरियाणा में किसान और पुलिस में फिर से टकराव हुआ है। हिसार के खेड़ी चौपटा में शुक्रवार दोपहर को जब किसान खनौरी बॉर्डर के लिए निकले तो पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया। किसान नहीं रुके तो पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े और उन पर लाठी चार्ज कर दिया। पुलिस ने किसानों के ट्रैक्टरों की हवा निकाल दी। किसानों ने पुलिस पर पथराव किया है और पुलिस के वाहन को भी नुकसान पहुंचाया। हिसार के खेड़ी चौपटा के पक्के मोर्चे पर किसानों ने शुक्रवार दोपहर बाद खनौरी बॉर्डर जाने का आह्वान किया था। यहां पर 18 फरवरी से किसानों का धरना चल रहा है।



### किसानों पर नहीं लगेगा रासुका

किसानों पर धरना प्रदर्शन के चलते हरियाणा पुलिस राष्ट्रीय सुरक्षा एक्ट के तहत मामला दर्ज करने की तैयारी में थी, लेकिन पुलिस ने अपना फैसला बदल दिया। अंबाला पुलिस ने शंभू बॉर्डर पर भारी पुलिस बल तैनात है और कई बार किसान और पुलिस में भिड़ंत हो चुकी है। इससे अंबाला की एएसपी पूजा डाबला ने बताया कि उच्च अधिकारियों ने एनएसए लगाने का वापस ले लिया है।

### फिलहाल 29 तक 'दिल्ली कूच' टला

### किसान आंदोलन में 30 पुलिसकर्मी घायल, 3 की मौत



हरियाणा पुलिस ने बताया है कि किसान आंदोलन में कई पुलिसकर्मियों की मौत हो चुकी है। कई घायल हैं। 2 पुलिसकर्मी की मौत हरियाणा में हुई है जबकि 1 पुलिसकर्मी की मौत पंजाब के जिम में हुई है। 3 पुलिसकर्मियों की मौत अब तक आंदोलन में हो चुकी है। हरियाणा पुलिस ने बताया कि किसान आंदोलन के दौरान 30 पुलिसकर्मी घायल भी हुए हैं जबकि एक को ब्रेन हेमरेज हुआ है। किसान लगातार पत्थरबाजी कर रहे हैं, जिससे पुलिसकर्मियों को चोट आई है। सरकारी और निजी संपत्ति को नुकसान भी पहुंचा रहे हैं। उधर, खबर है कि किसानों ने फिलहाल 29 फरवरी तक किसानों ने दिल्ली कूच का कार्यक्रम टाल दिया है।


### शुभकरण के परिवार को पंजाब देगा 1 करोड़ रुपए

किसान आंदोलन के दौरान खनौरी बॉर्डर पर मारे गए शुभकरण सिंह के परिवार को एक करोड़ का मुआवजा मिलेगा। यह राशि पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार ने देने का ऐलान किया है। शुक्रवार को सीएम भगवंत मान ने ट्वीट कर इस फैसले की जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया कि छोटी बहन को सरकारी नौकरी भी दी जाएगी। मान ने ट्वीट किया कि दोषियों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# कृति वर्मा तीन बैक-टू-बैक हिट गानों के साथ संगीत जगत में छा जाने को तैयार

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** मन्नारा चोपड़ा के साथ वेब सीरीज 'भूत मेट' में अपने मनमोहक अभिनय के लिए प्रसिद्ध लोकप्रिय अभिनेत्री कृति वर्मा एक बार फिर दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने के लिए तैयार हो रही हैं, लेकिन इस बार संगीत परिदृश्य पर। केवल एक सप्ताह में रिलीज के लिए तैयार तीन बहुप्रतीक्षित गानों के साथ कृति सुर्खियां बटोरने और दुनिया भर के प्रशंसकों के दिलों पर कब्जा करने के लिए तैयार है। कृति की आगामी रिलीज को लेकर उत्साह स्पष्ट है, उनके दो गाने, 'रे वसदा' और 'गुज्जर हरियाणे का' 22 फरवरी को रिलीज होने वाले हैं। इसके बाद 24 फरवरी को 'किन्ना प्यार' रिलीज होगी। पहले से ही चर्चा पैदा कर रहा है, इनमें से एक ट्रैक चार्ट पर नंबर एक स्थान पर पहुंच गया है। अपनी आगामी परियोजनाओं पर विचार करते हुए कृति आत्मविश्वास और उत्साह से भरी हुई हैं। वह कहती हैं, मैं इन अविश्वसनीय गानों को अपने प्रशंसकों के साथ साझा करने को लेकर रोमांचित हूं। प्रत्येक ट्रैक मेरे दिल में एक विशेष स्थान रखता है, और मैं हर किसी को उनका अनुभव करने के लिए इंतजार नहीं कर सकता।कामी गिल द्वारा गाया गया और गैरी बरार जैलदार के साथ कृति वर्मा की विशेषता वाला 'रे वासदा', एक आत्मा-उत्तेजक राग होने का वादा करता है जो श्रोताओं के साथ गूंजता है। ब्राउन रिकॉर्ड्स के तहत निर्मित, यह गाना संगीत जगत में तहलका मचाने के लिए तैयार है





'गुर्जर हरियाणा का' में कृति वर्मा, प्रदीप भाटी के साथ स्क्रीन की शोभा बढ़ाएंगी और एक आकर्षक परफॉर्मेंस देंगी, जो निश्चित रूप से दर्शकों पर एक अमिट छाप छोड़ेगी। जैसे-जैसे प्रत्याशा चरम पर पहुंच रही है, प्रशंसक उत्सुकता से राइट रिकॉर्ड्स पर 'किन्ना प्यार' की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। कृति की चुंबकीय उपस्थिति और निर्विवाद प्रतिभा के साथ, यह गाना दिलों को लुभाने और वायु तरंगों पर हावी होने के लिए तैयार है। कृति वर्मा के करिश्मे और प्रतिभा से मंत्रमुग्ध होने के लिए तैयार हो जाइए क्योंकि वह अपनी तीन सनसनीखेज रिलीज के साथ संगीत की दुनिया में तहलका मचा रही हैं। संगीत वीडियो के लिए बने रहें, क्योंकि कृति ऐसी प्रस्तुतियाँ देने के लिए तैयार हैं जो प्रशंसकों को मंत्रमुग्ध कर देंगी और और अधिक के लिए तरसेंगी।

### राहुल के खिलाफ रांची में चलेगा मामला




**रांची।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को झारखंड उच्च न्यायालय से शुक्रवार को एक बड़ा झटका लगा है। हाईकोर्ट ने कांग्रेस नेता की उस याचिका को खारिज कर दिया है जिसमें भाजपा कार्यकर्ता नवीन झा द्वारा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ कथित अपमानजनक टिप्पणी से जुड़े मानहानि मामले में आपराधिक कार्यवाही को खत्म करने की मांग की थी, जिसे कोर्ट ने नहीं माना।

### कई सांसद अब 'हाथी' को नहीं मानेंगे अपना 'साथी'

## बसपा के 10 सांसद नया 'ठिकाना' तलाश रहे, 4 भाजपा के संपर्क में

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

लोकसभा चुनावों के मद्देनजर 10 सांसद बसपा छोड़ने को तैयार है। बताया जा रहा है कि उनमें से 4 सांसद तो भाजपा के संपर्क में हैं जबकि जबकि 3 सांसद कांग्रेस और तीन सांसद समाजवादी पार्टी के संपर्क में हैं। अगर अमरोहा के बीएसपी सांसद दानिश अली की बात करें तो उन्हें राहुल गांधी का साथ मिल चुका है और अमरोहा से कांग्रेस उन्हें टिकट भी देने जा रही है। बिजनौर से बीएसपी सांसद मलूक नागर की बात करें तो वे भाजपा के संपर्क में हैं जबकि लालगंज से सांसद संगीता आज़ाद



भाजपा के संपर्क में हैं। अफजल अंसारी को गाजीपुर से सपा ने प्रत्याशी बना ही दिया है। श्रावस्ती के बसपा सांसद राम शिरोमणि वर्मा भाजपा के बड़े नेताओं से मिल चुके हैं। मायावती के अकेले बिना गठबंधन में जाकर लोकसभा चुनाव लड़ने के कारण अपने भविष्य को अधर में देखते हुए ये सभी अपना नया ठिकाना तलाश रहे हैं।

## अदालतें सरकार को कोई नीति-योजना लागू करने का निर्देश नहीं दे सकतीं

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि सरकार की नीतियों और योजनाओं की न्यायिक समीक्षा का दायरा बहुत सीमित होता है और अदालतें सरकार को कोई नीति या योजना लागू करने का निर्देश नहीं दे सकती। सुप्रीम कोर्ट ने यह अहम टिप्पणी एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान की। कोर्ट में जनहित याचिका दायर कर मांग की गई थी कि कोर्ट केंद्र सरकार और सभी राज्य सरकारों को निर्देश दे कि देशभर में भुखमरी और कुपोषण की समस्या से निपटने के लिए जगह-जगह सामुदायिक रसोई बनाई जाएं। याचिका में दावा किया गया कि यह मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है। भोजन के अधिकार का भी उल्लंघन है। सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस बेला एम त्रिवेदी और जस्टिस पंकज मित्तल की पीठ ने ऐसा कोई भी निर्देश देने से इनकार कर दिया।



## केजरीवाल की 2-3 दिन में ही गिरफ्तारी संभव: मंत्री भारद्वाज का दावा

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को शराब घोटाले के धन संशोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय गिरफ्तार कर सकती है। दिल्ली सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज ने दावा किया है। सौरभ ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि 2-3 दिनों में केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग भी हैं हमें बता रहे हैं कि अगर गठबंधन (कांग्रेस के साथ) होता है, तो अरविंद केजरीवाल को जेल हो जाए और अगर हम उन्हें बाहर देखना चाहते हैं तो एक ही रास्ता है कि केजरीवाल कांग्रेस के साथ गठबंधन का हिस्सा न बनें। साथ ही यह भी कहा कि यह स्पष्ट है कि भाजपा बहुत घबराई हुई है।



### कांग्रेस का भाजपा पर बड़ा हमला

## एजेंसियों का दबाव बनाकर 335 करोड़ का चंदा लिया

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी महासचिव जयराम रमेश ने कहा है कि ईडी, सीबीआई और आयकर विभाग द्वारा 2018 से 2023 तक 30 निजी कंपनियों के खिलाफ जांच शुरू की गई थी, ताकि जांच का डर दिखाकर भाजपा इन कंपनियों से चंदा हासिल कर सके। इन कंपनियों से भाजपा ने 335 करोड़ का चंदा हासिल किया। कांग्रेस के महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल ने वित्त मंत्री को लिखे एक पत्र में भाजपा से चंदा लूटने के इन संदिग्ध लेन-देन की सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच की मांग कर खुली बहस की चुनौती दी है।

### राहुल गांधी का पीएम मोदी पर आरोप

इसके बाद कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने एक्स पर कहा कि देश में प्रधानमंत्री वसूली भाई की तरह ईडी, सीबीआई और आयकर विभाग का दुरुपयोग कर चंदे का धंधा कर रहे हैं। रिपोर्ट्स में सामने आया है कि वसूली एजेंट बन चुकी एजेंसियों की जांच में फंसी 30 कंपनियों ने भाजपा को जांच के दौरान 335 करोड़ का चंदा दिया। मध्यप्रदेश की एक डिस्टिलरी के मालिकों ने बेल मिलते ही भाजपा को चंदा दिया। मित्र की कंपनी को बेईमानी से फायदा और बाकियों के लिए अलग कायदा है। मोदी राज में भाजपा को दिया अवैध चंदा और इलेक्टोरल बॉन्ड ही ईज ऑफ़ डूइंग बिजनेस की गारंटी है।

### कांग्रेस डरेगी नहीं

जयराम ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा कांग्रेस पर आर्थिक हमले किए जा रहे हैं। मोदी सरकार द्वारा कांग्रेस को कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है। जिस तरह से 2016 में नोटबंदी हुई थी, उसी तरह अब मोदी सरकार कांग्रेस के खिलाफ खाता-बंदी अभियान चला रही है। कांग्रेस के सभी बैंक खातों को बंद करने की कोशिश की जा रही है, यह उत्पीड़न की राजनीति और प्रतिशोध की राजनीति को दर्शाता है। लेकिन कांग्रेस डरने वाले नहीं हैं, कांग्रेस इसका डटकर मुकाबला करेगी।

### वेणुगोपाल की पाती सीतारमन के नाम

वेणुगोपाल के केंद्रीय वित्त मंत्री को लिखे पत्र का हवाला देते हुए रमेश ने कहा कि 2018-2023 के बीच चार वर्षों में करीब 30 निजी कंपनियों के खिलाफ ईडी, सीबीआई और आयकर विभाग की जांच की शुरुआत हुई थी। इन 30 कंपनियों के नाम चुनाव आयोग की वेबसाइट पर भी मौजूद है। फिर इन्हीं कंपनियों से पिछले चार साल में भाजपा को 335 करोड़ का चंदा मिला। इनमें कुछ ऐसी कंपनियां हैं, जो वर्ष 2018 से पहले कभी भाजपा को चंदा नहीं देती थीं, मगर 2018 के बाद उन्होंने चंदा देना शुरू किया। कुछ ऐसी कंपनियां हैं, जो कांग्रेस को चंदा देती थी, जांच शुरू होने के बाद उन्होंने कांग्रेस को चंदा देना बंद कर दिया। रमेश ने कहा कि इन कंपनियों ने कुछ गड़बड़ी की है तो इन कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए।

### श्वेत पत्र जारी करें

रमेश ने कहा कि क्या सरकार हफ्ता वसूली पर श्वेत पत्र प्रकाशित करेगी। भाजपा सरकार कहती है कि उनकी फंडिंग में पारदर्शिता है।

### कैग की रिपोर्ट दिल्ली विधानसभा में पेश करें



**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने सीएम अरविंद केजरीवाल को पत्र लिखा है। वीके सक्सेना ने पत्र में दिल्ली सरकार के वित्त से संबंधित कैग की पांच रिपोर्ट को दिल्ली विधानसभा में पेश करने के लिए कहा है। उपराज्यपाल ने लिखा कि मेरे सचिवालय को कैग ऑफिस से पांच रिपोर्ट हासिल हुई है, जिसे केंद्रीय वित्त मंत्री द्वारा सहमति दी गई है।

### महाराष्ट्र में भी सीट शेयरिंग पर बात बनती दिख रही

# उद्धव-शरद गुट से कांग्रेस ने 39 सीटों पर किया फैसला

## अभी भी 3 सीटों के लिए की जा रही जद्दोजहद

मुंबई हलचल / मुंबई

महाराष्ट्र के सहयोगियों के साथ बातचीत के बाद कांग्रेस ने आम चुनाव को लेकर सीट शेयरिंग का फार्मूला लगभग तय कर लिया है। राज्य की 48 सीटों में से 39 सीटों के लिए सीट-बंटवारे पर फैसला ले लिया गया है। यह राहुल गांधी की शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के शरद पवार के गुट तक पहुंचने के कारण माना जा रहा है।



### बंगाल में बोली टीएमसी

**दूरबीन से भी कांग्रेस के लिए तीसरी सीट नहीं ढूंढ पा रहे**

कांग्रेस ने एक बार फिर पश्चिम बंगाल में सीट शेयरिंग को लेकर ममता बेनर्जी से संपर्क किया है। बंगाल की सीएमऔर तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने कांग्रेस को बंगाल में दो सीटें देने की पेशकश की थी। कांग्रेस ज्यादा सीटों की डिमांड कर रही थी जिसके बाद सीट शेयरिंग को लेकर बातचीत विफल हो गई थी।

### आंध्रप्रदेश में भी सफलता के आसार कम दिख रहे

**टीडीपी- जेएसपी गठबंधन के बीच फंसा पेंच:** जन सेना पार्टी (जेएसपी) प्रमुख पवन कल्याण ने आंध्र प्रदेश में तेलुगू देशम पार्टी (टीडीपी)-जेएसपी के साथ गठबंधन को औपचारिक रूप देने के लिए भाजपा के केंद्रीय नेताओं से अनुरोध किया है। कल्याण ने कहा कि इस तरह के प्रयासों से उन्हें बहुत मानसिक पीड़ा हुई है।चुनाव होने में बमुश्किल कुछ महीने बचे हैं। पवन के लिए जो बात ज्यादा परेशान करने वाली लगती है, वह है एन चंद्रबाबू नायडू के नेतृत्व वाली टीडीपी के साथ जेएसपी का असहज गठबंधन है।

### दिल्ली फिलहाल 'दूर'

### आप-कांग्रेस में कुछ सीट पर अभी भी पेंच

लोकसभा चुनाव के लिए आप और कांग्रेस में गठबंधन तो तय हो गया है, लेकिन एक सीट पर उलझन वाली स्थिति है। कांग्रेस के उम्मीदवार तय माने जा रहे हैं। आप ने पत्ते नहीं खोले हैं। पश्चिमी दिल्ली और दक्षिणी दिल्ली पर आप अपने उम्मीदवार उतारेगी। पूर्वी दिल्ली, उत्तर पूर्वी दिल्ली, चांदनी चौक और उत्तर पश्चिमी दिल्ली में से किन्हीं 3 सीटों से मैदान में कांग्रेस उतरेगी। उत्तर पश्चिमी सीट दोनों ही पार्टियों की पसंद बताई जा रही है।



# मुंबई के वरिष्ठ समाजसेवी शांतिलाल जैन भाजपा की महाराष्ट्र प्रदेश कार्यकारिणी में निमंत्रित सदस्य नियुक्त

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** मुंबई के वरिष्ठ समाजसेवी और प्रमुख सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था नई उड़ान के संयोजक शांतिलाल बी. जैन को भारतीय जनता पार्टी की महाराष्ट्र प्रदेश कार्यकारिणी में निमंत्रित सदस्य नियुक्त किया गया है। इस आशय का नियुक्ति पत्र भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चन्द्रशेखर बावनकुले द्वारा जारी किया गया है। उल्लेखनीय है कि राजस्थान के उदयपुर में 1949 में जन्मे शांतिलाल बी. जैन पिछले कई दशकों से मुंबई के एक सफल कारोबारी होने के साथ देश की भलाई और समाज कल्याण के कार्यों में हमेशा अग्रणी रहते हैं। 1992 में पहली बार मुंबई महानगरपालिका के नगर सेवक बने श्री जैन का चयन 1996 में मुंबई महानगरपालिका के



221 नगर सेवकों में से सर्वश्रेष्ठ नगर सेवक के रूप में किया गया। आप 1996 में ही मुंबई महानगर पालिका की वर्क्स कमेटी के चेयरमैन और लॉ कमेटी के सदस्य भी रहे हैं। मिलनसार और परोपकारी स्वभाव वाले शांतिलाल जैन भारत जैन महामंडल, अणुव्रत ट्रस्ट, जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन, नयी उड़ान और जैन फुलवारी जैसी विभिन्न सामाजिक एवं शैक्षणिक संस्थाओं के सक्रिय पदाधिकारी के रूप में रक्तदान शिविरों के आयोजन के अलावा गरीब बच्चों की पढ़ाई के लिए आर्थिक सहायता देने और दिव्यांगों को जयपुर फुट उपलब्ध कराने में हमेशा अग्रणी रहे हैं। मुंबई महानगर पालिका द्वारा संचालित स्वच्छता जागरूकता अभियानों और जन समस्याओं के तुरंत निराकरण में भी आपकी सक्रिय भूमिका रही है। कालबादेवी क्षेत्र में पानी की पुरानी पाइप लाइन बदलकर नई पाइप लाइन डलवाने का महत्वपूर्ण कार्य करवाने पर स्थानीय निवासियों में आप पानी वाला भाई के नाम से काफी लोकप्रिय हैं। श्री जैन की नई राजनीतिक नियुक्ति पर उनसे जुड़ी विभिन्न संस्थाओं ने उन्हें हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

## उत्तराखंड हलचल

# ईडी ने एक और कांग्रेसी को घेरा, पूर्व मंत्री हरक सिंह को भेजा समन

## बहू अनुकृति गुसांई से भी होगी पूछताछ

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**देहरादून।** पूर्व कैबिनेट मंत्री हरक सिंह रावत की परेशानियां कम होने का नाम नहीं ले रही है। एक बार फिर जिम कार्बेट अभयारण्य की पाखरो रेंज में पेड़ कटान, अवैध निर्माण और जमीन धोखाधड़ी के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पूर्व वन मंत्री हरक सिंह रावत व उनकी बहू अनुकृति गुसांई को समन भेजकर पूछताछ के लिए 29 फरवरी को ईडी मुख्यालय पहुंचने को कहा है। सूत्र के अनुसार 14 फरवरी को छापेमारी के दौरान ईडी की ओर से बरामद दस्तावेज, नकदी व गहनों के संबंध में पूछताछ कर सकती है। इससे पहले ईडी ने पूर्व वन मंत्री हरक सिंह रावत, उनके रिश्तेदारों और वन अधिकारियों के उत्तराखंड समेत दिल्ली व हरियाणा में 17 जगह छापेमारी कर 1.10 करोड़ रुपये की नकदी, करीब 80 लाख रुपये का 1.30 किलोग्राम सोना व 10 लाख रुपये की विदेशी मुद्रा सीज की थी। यह कार्रवाई मुख्य वन संरक्षक सुशांत पटनायक, सेवानिवृत्त डीएफओ किशन चंद के साथ ही हरक के पूर्व निजी सचिव एवं उत्तराखंड सचिवालय संघ के पूर्व महामंत्री बिरेंद्र कंडारी, भाजपा के ऊधम सिंह नगर के जिला मंत्री अमित सिंह, रुद्रप्रयाग की पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मी राणा व प्रापर्टी डीलर नरेंद्र वालिया के ठिकानों पर की गई। जमीन की खरीद-फरोख्त के मामले में ईडी ने बिरेंद्र सिंह कंडारी व अन्य पर पूर्व में दर्ज मुकदमे की एफआइआर को जांच को आधार बनाया है। जमीन की धोखाधड़ी में पूर्व वन मंत्री की संलिप्तता का जिक्र किया गया है। वहीं, दूसरा मामला कार्बेट टाइगर रिजर्व की पाखरो रेंज में पेड़ों के अवैध कटान व अवैध निर्माण के मामले में सेवानिवृत्त डीएफओ किशन चंद, तत्कालीन रेंजर बृज बिहारी और अन्य पर दर्ज एफआइआर से जुड़ा है। इस प्रकरण में भी पूर्व मंत्री हरक सिंह रावत को घोटाले में संलिप्त बताया गया है। ईडी की जांच में सामने आया था कि पूर्व मंत्री हरक सिंह रावत ने नरेंद्र वालिया के साथ मिलकर साजिश करते हुए दो पावर आफ अटार्नी तैयार की। जिसे कोर्ट ने निरस्त कर दिया था। इस जमीन को अवैध तरीके से हरक सिंह रावत की पत्नी दीप्ति रावत और लक्ष्मी सिंह को बेचना दिखाया गया। इसी जमीन पर श्रीमती पूर्णा देवी ट्रस्ट के अंतर्गत दून इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंस का निर्माण किया गया है।




# नौ साल पुराना मामला, जिसकी सत्ता के गलियारों तक में थी गूंज, जब रोहित ने खुद में लगाई थी आग... आया कोर्ट का फैसला

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**रामनगर।** नौ साल पहले छात्र नेता रोहित पांडे के आत्मदाह करने के मामले में 20 लोगों पर दर्ज मुकदमे शासन ने वापस ले लिए हैं। मुकदमे में नामजद लोगों ने शासन की इस कार्रवाई से राहत की सांस ली है। घटना नवंबर 2014 की है। मामला छात्र संघ चुनाव से जुड़ा था। चुनाव से पूर्व कांग्रेस व एबीवीपी से जुड़े कार्यकर्ताओं के बीच रात में झगड़ा हो गया था। रात में ही मालधन में तीन चार एबीवीपी समर्थकों की बाइक जल गई थी। तब पुलिस ने इस पूरे मामले में पूर्व ब्लाक प्रमुख संजय नेगी व उनके चार साथियों पर मुकदमे दर्ज कर दिए थे। दूसरे दिन छात्र नेताओं ने कोतवाली पहुंचकर नाराजगी जताई थी। उन्होंने कोतवाल आरके फर्सवाण की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए झूठे मुकदमे दर्ज करने की बात कही थी। कोतवाल को नहीं हटाने पर लिखित रूप से आत्मदाह की चेतावनी दी थी। चार नवंबर 2014 को लखनपुर में पानी की टंकी में चढ़कर रोहित पांडे ने खुद पर आग लगा ली थी। उपचार के दौरान दिल्ली में रोहित का निधन हो गया था। इससे पूर्व संजय नेगी ने भी आत्मदाह का प्रयास किया था। रोहित ने निधन से पहले पुलिस के विरुद्ध बयान दिया था। यह मामला सत्ता के गलियारों तक गूंजा था। आरोपित पक्ष के वकील दीपक जोशी ने बताया कि इस मामले में कोतवाली के तत्कालीन एसएसआइ मोहन चंद्र पांडे ने पूर्व ब्लाक ब्लाक संजय नेगी, आशा बिष्ट, विमला रावत, कपिल रावत समेत 20 लोगों पर रोहित को बचाने के दौरान टंकी की सीढ़ियों पर पुलिस का रास्ता रोकने, तोड़फोड़, भीड़ एकत्र करने, आत्मदाह का प्रयास करने व क्रिमिनल एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया था। विवेचना के दौरान दो लोगों का निधन हो गया था। यह पूरा मामला सिविल जज जूनियर डिविजन/न्यायिक मजिस्ट्रेट रामनगर की कोर्ट में चल रहा था। शासन की ओर से मुकदमा वापस लेने के लिए प्रार्थना पत्र दिया गया था। जोशी ने बताया कि कोर्ट ने प्रार्थना पत्र को स्वीकार कर लिया है।



# अवैध हथियार बेचने वालों ने पुलिस पर की फायरिंग, गंगा में कूदे

**हरिद्वार।** अवैध हथियार बेचने वाले छुटभैये आरोपितों ने ग्राहक बनकर सौदा कर रही पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी और गंगा में छलांग लगा दी। जिससे पुलिस के भी होश फाख्ता हो गए। गनीमत रही कि दोनों आरोपी गंगा से बाहर निकल आए और पुलिस ने उन्हें दबोच लिया। जबकि उनके साथ रहे तीसरे नाबालिग आरोपित को पहले ही पकड़ लिया गया। उनके कब्जे से एक देसी पिस्टल, एक देसी तमंचा और जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। पुलिस को काफी दिनों से सूचना मिल रही थी कि हरिद्वार शहर क्षेत्र में कुछ लोग अवैध हथियार बेच रहे हैं। एसओजी की एक टीम ने ग्राहक बनकर असलहा बेच रहे युवकों से संपर्क साधा और मायादेवी पार्किंग में बुला लिया। दो युवक अपने साथ एक किशोर को लेकर पहुंचे। पुलिस ने नाबालिग को दबोच लिया। जबकी दोनों युवकों को पकड़ने की कोशिश करने पर उन्होंने पुलिस पार्टी पर फायर झोंक दिया। जिससे अफरा-तफरी मच गई। पुलिस टीम पर फायर कर युवक बिरला घाट की तरफ भाग गए। पीछे-पीछे पुलिसकर्मी भी दौड़े, जिन्हें देखकर युवकों ने गंगा में छलांग लगा दी।

## राजस्थान हलचल

# महिला उन्नती संस्था भारत के महाराष्ट्र प्रभारी पद पर संजय कुमार कोटेचा नियुक्त

**मुंबई हलचल/सैय्यद अलताफ हुसैन**

**नई दिल्ली।** महिला उन्नती संस्था भारत के महाराष्ट्र प्रभारी पद पर संजय कुमार कोटेचा इनकी नियुक्ती की गई है। महिला उन्नती संस्था के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. राहुल वर्मा इन के और गौतम बुद्ध नगर, नोएडा की जिल्हा अध्यक्ष रेणू बाला जी के हातो से संजय कुमार कोटेचा इनको महाराष्ट्र राज्य के प्रभारी पद पर नियुक्त किया जाने का पत्र सोपा गया। इस शुभ अवसर पर संजय कुमार कोटेचा इनका महिला उन्नती संस्था की ओर से स्वागत, सन्मान किया गया। हाल ही मे संजय कुमार कोटेचा जी को, सी.आय .डी. डी .के महाराष्ट्र और कर्नाटक राज्य के डायरेक्टर पद पर चुने जाने का पत्र, पहचान पत्र दिया गया है। नामांकित इन दोनो संस्था मे संजय कुमार जी की नियुक्ती पर सब जगह खुशी का माहोल छा गया है, और उनको सभी मित्र परिवार, पत्रकार, रिश्तेदार इनकी ओर से हार्दिक बधाईया दि जा रही है।



# मुस्लिम महासभा ने नवनियुक्त पुलिस थानाधिकारी का किया स्वागत



**मुंबई हलचल/सैय्यद अलताफ हुसैन**

**राजसमंद।** कांकरोली के नव नियुक्त पुलिस थानाधिकारी का मुस्लिम महासभा राजसमन्द की टीम की ओर से स्वागत किया गया। जानकारी के अनुसार मुस्लिम महासभा ने नव नियुक्त थानाधिकारी श्री हनुवन्त सिंह सोढा का मुस्लिम महासभा के जाफर खान फौजदार, ईस्माइल खान पठान, सय्यद चाँद अली, सय्यद इम्तियाज अली, अली हुसैन सिलावट, रज्जाक मोहम्मद मंसूरी, आजाद खान पठान आदि ने नवनियुक्त पदाधिकारी को फूल मालाऐ पहनाकर स्वागत किया गया।

# भीलवाड़ा के वरिष्ठ पत्रकारों ने संभागीय आयुक्त भट्ट से शिष्टाचार मुलाकात की



**मुंबई हलचल/भैरु सिंह राठौड़**

**राजस्थान।** भीलवाड़ा / कोरोना काल में भीलवाड़ा जिला कलेक्टर रहते हुए श्री राजेंद्र भट्ट ने गुड गवर्नेंस और टॉप मैनेजमेंट के प्रशासनिक प्रयासों से भीलवाड़ा जिले को कोरोना के पिक पॉइंट्स से निकाल कर जनता को जो राहत और सुविधाएं मुहैया कराई उसकी विश्व भर में प्रशंसा हुई ऐसे कर्मयोगी जिला अधिकारी जो अपनी कार्य कुशलता एवं परायणता से अब मेवाड़ संभाग के संभागीय आयुक्त बन चुके हैं आज उनसे सर्किट हाउस में वरिष्ठ पत्रकार महेंद्र ओरडिया, शहजाद खान, अनिल राठी, सोमदत्त त्रिपाठी, नवीन जोशी ने शिष्टाचार मुलाकात की! पुरानी उपलब्धियां पर हुई चर्चा में डिविजनल कमिश्नर ने इसका श्रेय भीलवाड़ा के मीडिया कर्मियों सहित आम जनता को दिया जिन्होंने धैर्य के साथ विषम परिस्थितियों में जिला प्रशासन का साथ दिया था! भट्ट आज भीलवाड़ा में प्रशासनिक अधिकारियों की मीटिंग आयोजित कर कुछ दिशा निर्देश देने के लिए भीलवाड़ा पहुंचे जहां स्थानीय वरिष्ठ पत्रकारों ने आज उनसे शिष्टाचार मुलाकात की।

# बियर से करेंगे बालों को नेचुरली स्पा तो कंडीशनर जाएंगे भूल



बालों से जुड़ी परेशानियों को दूर करने के लिए हेयर स्पा करवाना बैस्ट माना जाता है। इससे बालों की जड़ों मजबूत होती हैं, जिससे बालों का झड़ना, रूसी, ड्राइनेस, बालों का टूटना आदि सहित और भी बहुत सी परेशानियां दूर हो जाती है। इससे बाल तो खूबसूरत हो जाते हैं लेकिन महीने में दो बार पार्लर जाकर स्पा ट्रीटमेंट करवाने के लिए हर किसी के पास समय नहीं होता। इसका एक कारण समय की कमी और दूसरा पैसों का ज्यादा खर्च है। आप कामकाजी है या फिर हाउसवाइफ अपने लिए कुछ समय निकाल कर खुद घर पर भी स्पा कर सकती हैं।

**हेयर स्पा करने का तरीका**

हेयर स्पा में सबसे पहले बालों को स्टीम दें। इसके लिए पानी को बर्तन में गर्म करने के बाद एक तौलिए को इसमें भिगो कर निचोड़ लें और इसे बालों को बांध लें। इसके अलावा चेहरे को स्टिम देने वाले स्टिमर से भी बालों को भाप दे सकते हैं लेकिन इसके लिए सावधानी बरतना बहुत जरूरी है।

**बियर से इस तरह करें हेयर स्पा**

बियर बालों के लिए सबसे अच्छा कंडीशन है। इससे ड्राई और डैमेज बाल जल्द ही ठीक हो जाते हैं। इस स्पा को बालों पर अप्लाई करने के लिए 1 बोतल बीयर और माइल्ड शैंपू की जरूरत है।

स्पा करने से पहले बियर की बोतल को रात भर के लिए खुला छोड़ दें। इससे उसका झाग खत्म हो जाएगा। अब सुबह बालों को धोकर कंडीशनर की जगह बालों पर बियर डालें। इसके बाद मसाज करें और बाद में पानी से बालों को धो लें। आप महीने में एक बार बीयर से घर पर ही हेयर स्पा कर सकते हैं। इसमें समय भी कम लगेगा और बालों को पूरा पोषण भी मिलेगा।

## मेकअप करते वक्त होती है परेशानी तो फॉलो करें ये टिप्स


खूबसूरत दिखने के लिए लड़कियां मेकअप का सहारा लेती है। बढ़िया मेकअप करने पर उनकी लुक एकदम बदल जाती है लेकिन कई बार जल्दी में मेकअप करते समय कुछ प्रॉब्लम्स होती है। जिसे सभी लड़कियां फेस करती है जैसे आईलाइनर टेढ़ा लगना या फिर एक्सट्रा फाउंडेशन लग जाना। इस तरह की कई प्रॉब्लम होती है। जिसके कारण उन्हें मेकअप करने में बहुत समय लगता है। आज हम आपको इन प्रॉब्लम को दूर करने के आसान ट्रिक्स बताएंगे, जिसे इस्तेमाल करके आप आसानी से जल्दी मेकअप कर सकेंगी।

**1. ज्यादा लिपस्टिक लगने पर**

लिपस्टिक लगाते ही लुक ग्लैमरस बन जाती है लेकिन इसके ज्यादा लग जाने पर इसे घटाने के लिए टिशू पेपर लें और इसे होंठो पर रख कर ब्रश के साथ इसके ऊपर ट्रांसलूसेंट पाउडर लगाने पर एक्सट्रा लिपस्टिक हट जाएगी।

**2. आईलाइनर टेढ़ा होने पर**

कई बार आईलाइनर लगाते समय यह टेढ़ा हो जाता है और इसे पूरा हटाने से आईस खराब हो जाती है। इसलिए टेढ़ी लाइन हटाने के लिए द-३स्त्र यूज करें। इसे लोशन या क्रीम में डुबोकर लाइनर को साफ करें। इससे आपकी लुक भी खराब नहीं होगी



और लाइनर हट भी जाएगा।

**3. एक्सट्रा फाउंडेशन लगने पर**

कई बार फाउंडेशन लगाने के बाद स्किन पर सिलवटे नजर आने लगती है। ऐसा इसे ज्यादा लगाने के कारण होता है। अगर आपके साथ भी ऐसा होता है तो स्पंज लेकर इसे हल्का गीला करके चेहरे पर थपथपाएं। इस तरह एक्सट्रा फाउंनडेशन बड़ी आसानी से उतर जाएगा।

**4. एक्सट्रा ब्लश लगने पर**

चेहरे पर ज्यादा ब्लश लगाने पर भी स्किन पर सिलवटें नजर आने लगती है। इसे ठीक करने के लिए टिशू पेपर लें और इसे ब्लश वाली जगह पर रख कर हल्का दबाएं। इससे एक्सट्रा ब्लश आसानी से उतर जाएगा।

**5. आईशैड फेस पर गिरने पर**

अगर आईशैड लगाते यह चेहरे पर गिर जाता है तो इसे साफ करने के लिए उस हिस्से पर मॉइश्चराइजर लगाएं और मेकप ब्लेंडर से इसे साफ करें।

## इम्यून सिस्टम करना है स्ट्रांग तो रोजाना खाएं भुने हुए चने



भुने हुए चने का सेवन बादाम खाने के बराबर होता है। अगर आप भी इसे रोजाना खाते हैं तो कई हेल्थ समस्याओं से बचें रह सकते है। इसमें काबोर्हाइड्रेट, प्रोटीन, कैल्शियम, आयरन और विटामिन आदि पोषक तत्व पाएं जाते हैं जो शरीर को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं। बाजार में भुने हुए चने दो तरह के मिलते हैं एक छिलके वाले और एक बिना छिलके के लेकिन छिलके वाले चने ज्यादा फायदेमंद होते हैं। इसके लिए रोजाना 50 से 60 ग्राम चने का सेवन करें। आइए जानिए किन-किन समस्याओं से छुटकारा दिलाते हैं भुने चने।

**1. पेशाब की समस्या से दिलाएं छुटकारा**

बार-बार पेशाब आने की समस्या से राहत पाने के लिए भुने चने बहुत फायदेमंद है। इसके लिए रोजाना भुने चने को गुड़ के साथ खाएं। इस उपाय को करने से आपको बहुत जल्दी फायदा मिलेगा।

**2. रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाए**

भुने चने का सेवन करने से शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और मौसम बदलने पर होने वाली समस्याओं से शरीर बचा रहता है। इसके लिए रोजाना नाश्ते में या दोपहर के भोजन से पहले 50 ग्राम भुने हुए चने खाएं।

**3. वजन घटाने में करें मदद**

भुने हुए चने शरीर की एक्सट्रा चर्बी घटाने में मदद करते हैं। अगर आप या आपका कोई खास मोटापे की समस्या से परेशान है तो वह रोजाना की डाइट में भुने हुए चने शामिल करें।

**4. श्वसन नली रोग करें दूर**

चने श्वसन नली संबधी रोगों को दूर करने में मदद करते हैं। इसके लिए रात को सोने से पहले चने को चबा कर खाएं और साथ में गर्म दूध पीएं। आपको बहुत जल्दी फायदा मिलेगा।

**5. डायबिटीज करें कंट्रोल**

डायबिटीज रोगियों के लिए भुने चने बहुत फायदेमंद है। चने शरीर में ग्लूकोज की मात्रा को सोख कर शुगर को कंट्रोल करते हैं। इसके अलावा ब्लड शुगर का लेवल कम होता है।

**6. कब्ज से मिलें छुटकारा**

कब्ज की समस्या होने पर शरीर थका-थका, सुस्त बना रहता है और इसके ठीक न होने पर शरीर को कई बीमारियां घेर लेती है। इस परेशानी से राहत पाने के लिए हर रोज चने खाना शुरू करें।

**7. पाचन शक्ति और दिमाग बढाएं**

रोजाना चने खाने से पाचन तंत्र मजबूत होता है और दिमागी शक्ति बढ़ती है। इसके अलावा चने में फॉस्फोरस होने के कारण यह शरीर में हीमोग्लोबिन लेवल बढ़ाता है और किडनी से एक्स्ट्रा साल्ट बाहर निकालने में मदद करता है।

## इन लोगों को अवॉइड करना चाहिए नींबू पानी, जानिए क्यों?

गर्मियों में अधिकतर लोग नींबू पानी पीना पसंद करते हैं। इससे शरीर को विटामिन-सी, पोटाशियम और फाइबर मिलता है लेकिन जरूरी नहीं कि यह हर किसी के लिए फायदेमंद हो। कुछ लोगों के लिए नींबू पानी नुकसानदायक हो सकता है। इसके अलावा इसका अधिक सेवन भी शरीर को नुकसान पहुंचाता है। आज हम आपको उन लोगों के बारे में बताएंगे जिन्हें नींबू पानी का सेवन नहीं करना चाहिए। इससे उनकी प्रॉब्लम बढ़ सकती है।

**दांतों की प्रॉब्लम**

अगर आपके दांतों में किसी भी तरह की प्रॉब्लम हैं तो नींबू पानी का सेवन न करें। इससे सेंसिटिविटी की समस्या बढ़ जाती है। इससे दांत टूट भी सकते है।

**पेट के अल्सर**

पेट के अल्सर से पीड़ित लोगों को नींबू पानी नहीं पीना चाहिए। इससे जलन और दर्द बढ़ सकता है।

**यूरिन प्रॉब्लम**

अगर आपको यूरिन संबंधित कोई प्रॉब्लम है तो नींबू पानी न पीएं। इससे इंफैक्शन बढ़ सकती है।

**एसिडिटी**

नींबू में अधिक मात्रा में एसिड पाया जाता है। अगर आपको एसिडिटी की प्रॉब्लम है तो इसका सेवन न करें। इससे प्रॉब्लम बढ़ सकती है।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर





# दिव्या खोसला का भूषण कुमार से तलाक की खबरों के बीच वायरल हुआ नया पोस्ट

**टी-सीरिज** के मालिक भूषण कुमार और दिव्या खोसला की तलाक की खबरों ने सोशल मीडिया पर हंगामा मचा दिया है। इन खबरों ने तब तूल पकड़ा जब दिव्या खोसला ने अपने नाम से पति का सरनेम 'कुमार' हटाया। अब दिव्या ने शादी टूटने की खबरों के बीच एक और पोस्ट किया है जिसे पढ़कर हर कोई हैरान रह गया है। बता दें, दिव्या खोसला ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया है इसमें उन्होंने अपनी मां साथ 4 फोटोज शेयर की हैं इसमें उन्होंने लिखा है, मां का प्यार कभी खत्म नहीं होता। सिर्फ आपके बारे में सोच रही हूं। काफी कुछ बताने के लिए हैं आपको।' दिव्या ने ये पोस्ट सरनेम हटाने के बाद किया है। इसमें साफ है कि वह अपनी मां का काफी मिस कर रही हैं। बता दें, टी सीरीज के एक स्पोकपर्सन ने तलाक की खबरों को गलत बताया है उन्होंने कहा कि दिव्या खोसला और भूषण कुमार के बीच सब ठीक है और उन्होंने बताया कि दिव्या ने जो कुमार सरनेम हटाया है उसके पीछे ज्योतिषीय वजह है अगर गौर करेंगे तो उन्होंने खोसला में एक 'र' और लगाया है।




# प्रियंका का डर



**बॉलिवुड** और हॉलिवुड की ऐक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा अपने काम में काफी बिजी रहती हैं। प्रियंका ने अभी कई प्रोजेक्ट साइन किए हुए हैं और वह लगातार काम कर रही हैं। हालांकि पिछले साल कोरोना वायरस के चलते हर किसी की तरह प्रियंका चोपड़ा भी कई महीने तक अपने पति निक जोनस और परिवार के साथ रहीं। निक जोनस भी खुद काफी बिजी रहते हैं और परिवार के लिए कम ही वक्त निकाल पाते हैं। प्रियंका ने बताया है कि महीनों बाद काम पर लौटना उनके लिए कितना कठिन था। प्रियंका पिछले काफी दिनों से लंदन में अपने आने वाले शो 'सिटाडेल' की शूटिंग लंदन में कर रही थीं। हाल में वह लॉस ऐंजिलिस अपने घर वापस लौटी हैं। कोरोना वायरस के कारण हुए लॉकडाउन के बाद प्रियंका ने सबसे पहले कियानू रीव्स के लीड रोल वाली फिल्म 'मेट्रिक्स 4' की शूटिंग शुरू की थी। एक मैगजीन को दिए इंटरव्यू में प्रियंका ने बताया है कि जब इस फिल्म की शूटिंग के लिए जर्मनी जा रही थीं तो प्लेन में रो रही थीं। प्रियंका ने कहा, मैंने 6 महीने घर पर अपनी फैमिली के साथ बिताए और मैं खुद को काफी सुरक्षित महसूस कर रही थी। इसके बाद जर्मनी मैं पहली बार काम के लिए जा रही थी। मैं प्लेन में रोने लगी क्योंकि मुझे डर लग रहा था। हालांकि प्रियंका चोपड़ा को यह देखकर कर अच्छा लगा कि फिल्म के सेट पर पूरी तरह कोविड प्रोटोकॉल का पालन किया जा रहा था। निक जोनस ने भी प्रियंका को इस डर से निकलने में काफी मदद की।



# बॉलिवुड में टिकना है तो मोटी चमड़ी का बनना पड़ेगाः ईशा देओल

**हेमा** मालिनी और धर्मेंद्र की बेटी ईशा देओल ने 10 साल के लंबे गैप के बाद बॉलिवुड में वापसी कर ली हैं। ईशा ने वापसी के बाद कहा, बॉलिवुड में टिकना है मोटी चमड़ी का बनना पडेगा। ईशा ने बॉलिवुड में वापसी बात कही है। ईशा देओल ने इस बात का भी जिक्र किया है कि वह अपने पति भरत तख्तानी के साथ मिलकर फिल्म प्रोड्यूसर करने की भी इच्छुक हैं। ईशा ने कहा कि फिल्म इंडस्ट्री में बने रहना उनके लिए मुश्किल था। ईशा देओल कहती हैं, 'वह दोबारा से कैमरा फेस के लिए सुपर एक्साइटेड हैं।' ईशा देओल आखिरी बार साल 2011 की फिल्म 'टेल मी ओ खुदा' में नजर आई थीं। ईशा की फिल्म को उनकी मां हेमा मालिनी ने निर्देशित किया था। उसके बाद ईशा ने फिल्मों से दूरी बना ली। जब ईशा से पूछा गया कि 10 साल के लंबे समय के बाद वापसी करने के लिए प्रेरणा कहां से मिली? ईशा कहती हैं, 'क्रिएटिव लोगों को ज्यादा देर तक घर में नहीं रखा जा सकता। ऐक्टिंग एक ऐसी चीज है जो मुझे आगे बढ़ाती है। मैंने 2011 में बॉलिवुड से दूरी बना ली थी क्योंकि उस वक्त फैमिली पर ध्यान देना मेरे लिए सबसे ज्यादा जरूरी था। मैंने अपनी जिंदगी में हर दौर का आनंद लिया। जब मैं काम कर रही था, मेरे पास डेट करने का समय नहीं था। भरत से शादी करने के बाद ही मुझे प्यार का एहसास हुआ। नहीं तो मैं तो बस एक मकबरा था। मेरे को-स्टार्स मेरे हाथों का मजाक उड़ाते थे।